न्यायालय तहसीलदार बयाना (भरतपुर)

(पीठासीन अधिकारी—श्री गिर्राज प्रसाद बंसल तहसीलदार बयाना)

प्र0स0 75/20 ता0 रजु. 6-1-20 किस्म मुकदमा 91 एलआर एक्ट निर्णय दिनांक 4-2-2020

सरकार

बनाम

मोहन-नत्थी-बारी पुत्रान कदा जाटव तह0 बयाना जिला—भरतपुर।
खरनावली

निर्णय

पत्रावली पेश हुई। पटवारी हल्का खरनावली ने एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की है कि ग्राम खरनावली के खसरा न0 112, 113 रकवा 0.24 हैक्ट में से रकवा 0.24 हैक्ट किस्म भूमि चारागाह पर सम्वत 2076 में श्री मोहन-नत्थी-बारी पुत्रान कदा जाटव खरनावली तह0 बयाना ने सरसों कर अतिक्रमण कर लिया है।

हल्का पटवारी रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण धारा 91 एल.आर.एक्ट के तहत दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। जो शामिल मिसिल है। अप्रार्थी द्वारा उपस्थित होकर अपना जबाव पेश किया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली के अवलोकन उपरान्त न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि अप्रार्थी के विरूद्ध न्यायिक कार्यवाही अमल में लायी जाना आवश्यक है। अतिक्रमी को अतिक्रमित आराजी से बेदखल करना राज्यहित में आवश्यक है।

अतः आदेश है कि अतिक्रमी के विरूद्ध न्यायिक कार्यवाही कर अतिक्रमित खसरा नम्बर 112, 113 रकवा 0.24 हैक्ट वाके ग्राम खरनावली से बेदखल किया जाता है। लगान 3.84 का 50 गुणा पैनल्टी राशि 192/= रूपये से दण्डित किया जाता है। पैनल्टी की मांग कायमी टी0आर0ए0 हाजा से कराई जावे। पैनल्टी वसूली एवं फसल नीलामी हेतु पटवारी हल्का एवं भू—अभिलेख निरीक्षक को आदेश जारी हो।

पत्रावली फैसल शुमार हो। बाद तकमील नम्बर से कम हो। दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 4-2-2020 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

तहसीलदार
बयाना (भरतपुर)

इस ... का ...
रा. से. सं. 04 ...
दिनांक 5/2/20 ...
पैनल्टी रू. 192/ ...
... राजस्व लेखाकार
तहसील बयाना

Signature Not Verified
Digitally signed by Girraj Prasad Bansal
Date: 2022.02.04 11:47:25 IST
Reason: SelfAttested